हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 21 जून 2024

13 प्रशिक्षण शिविर में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने जाना योग...


14 ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस टीम की अगुवाई में...





वर्धमान ज्वैलर्स
सोने व चांदी के आधुनिक आभूषणों का विश्वसनीय प्रतिष्ठान
ब्रांच : नज़दीक के एम स्कूल, हांसी गेट 9215657444 शोरूम : घंटाघर बाजार 9215656444


सचिन जैन
संचालक


## खबर संक्षेप

### कष्ट निवारण समिति की बैठक 24 को

**भिवानी।** पंचायत में 24 जून को प्रदेश के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव तथा खेल राज्य मंत्री संजय सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित होगी। डीसी नरेश नरवाल ने बताया कि जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 24 जून को प्रातः11:00 बजे होगी। बैठक में राज्य मंत्री के समक्ष 12 परिवाद सुनवाई के लिए रखे जाएंगे। मंत्री श्री सिंह बैठक में रखे जाने वाले परिवादों के दोनों पक्षों को सुनने के उपरांत इनका मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान सभी विभागाध्यक्ष और परिवाद से संबंधित अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### गांव के युवक पर पुत्री व पैसे ले जाने का आरोप

**बवानीखेड़ा।** क्षेत्र के एक गांव में पुत्री सहित नकदी को ले जाने का मामला संज्ञान में आया है। पुलिस में दी शिकायत में 14 वर्षीय युवती की माता ने बताया कि उसकी पुत्री को गांव का युवक 80 हजार की नकदी सहित बहला फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### बेटी के लापता होने का मामला दर्ज करवाया

**बवानीखेड़।** क्षेत्र के एक गांव में पिता ने अपनी पुत्री की गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस में दी शिकायत में पिता ने बताया कि उसकी पुत्री मंगलवार रात को अकस्मात परिस्थितियों में लापता हो गई। घर में रखी एक लाख की नकदी भी नहीं मिली उन्हें शक है उसकी पुत्री रूपए लेकर गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर धारा 144 लगाई

**भिवानी।** एडीसी हर्षित कुमार ने जिला भिवानी के अधिकार क्षेत्र में मुख्यमंत्री हरियाणा का दौरा कार्यक्रम के चलते कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारतीय दण्ड प्रकिया संहिता, 1973 की धारा 144 लागू की है। जिलाधीश ने मुख्यमंत्री सरकार 21 जून को जिला भिवानी में बिटस इटरनेशनल स्कूल, भिवानी में दौरा कार्यक्रम करेंगें। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालन के लिए जिलाधीश ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 144 लागू कर दी है।

# विधायक ने अफसरों संग मिलकर छोटी काशी के विकास का खाका किया तैयार

## आठ नए बूस्टर,पाइप लाइनें डलेंगी, शहर में कहीं पर नहीं रहेगी लीकेज वाली लाइन

शहर के जिन इलाकों में पाइप लाइन नहीं है उनमें लाइन डलवाए जाने का प्रस्ताव पारित कर सरकार और मुख्यमंत्री को भेजा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

गुरुवार को विधायक घनश्याम सर्राफ ने अपने आवास पर पब्लिक हेल्थ के अफसरों के साथ बैठक आयोजित करके शहर के विकास कार्यों का खाका खींचा। खासकर शहर में पीने के पानी व बरसाती पानी की निकासी को लेकर अनेक योजनाओं का खाका तैयार किया।

शहर में आठ जगहों पर नए बुस्टर व शहर में लिकेज कर रही पाइप लाइनों को बदलने तथा जिन इलाकों में पेयजल की पाइप लाइन नहीं है। उन इलाकों में पाइप लाइन डलवाए जाने का प्रस्ताव पारित कर सरकार व सीएम नायब सैनी के पास भेजे। विधायक सर्राफ ने बताया कि जल्द ही उक्त कार्य पास होकर उनके पास पहुंच जाएंगे और उसके बाद शहर के विकास कार्य को गति दी जाएगी।

विधायक सर्राफ ने पब्लिक हेल्थ के एसडीओ, जेई तथा नगरपरिषद के पार्षदों के साथ मीटिंग की। इस दौरान विधायक ने पार्षदों से शहर में जिन इलाकों में बुस्टर की जरूरत है। उनसे जानकारी मांगी। पार्षदों के कहने पर विधायक सर्राफ ने शहर के आठ जगहों पर पीने के पानी के लिए बुस्टर बनाए जाने का प्रस्ताव अधिकारियों की मौजूदगी में तैयार करवाकर सरकार को भेजा। इनके अलावा जिन इलाकों में पीने के पानी की पाइप लाइन नहीं है। उन इलाकों में पाइप लाइन बिछाने का प्रस्ताव तैयार हुए। इनके अलावा जिन इलाकों में पानी की पाइप लाइन लिकेज है। उन क्षेत्रों की पाइप लाइन को बदले का भी प्रस्ताव पारित किया गया। विधायक सर्राफ ने उसी वक्त प्रस्ताव तैयार करवाकर सीएम नायब सैनी के कार्यालय में भिजवा दिया।


भिवानी। शहर के विकास को लेकर अधिकारियों से बातचीत करते विधायक घनश्याम सर्राफ। फोटो : हरिभूमि

- पार्षदों से पीने के पानी व सीवर से संबंधित समस्याएं जानी
- पार्षदों से पीने के पानी व सीवर से संबंधित समस्याएं जानी

### निनान और डाबर में बनेंगे अतिरिक्त टैंक

इस दौरान पार्षदों से कार्य के सुझाव मांगने के बाद अधिकारियों से गांव निनान स्थित जलघर में अतिरिक्त टैंक बनाए जाने पर चर्चा हुई। विधायक ने बताया कि वहां अतिरिक्त टैंक बनवाना जरूरी है क्योंकि उस जलघर में अंदरूनी शहर व बाहरी कॉलोनियों में पानी की सप्लाई का बोझ है। इसी तरह डॉबर कॉलोनी स्थित जलघर में भी अतिरिक्त टैंक बनाए जाने की जरूरत है। क्योंकि इन जलघरों पर शहर की सबसे यादा को पीने के पानी का बोझ है। अधिकारियों ने दोनों जगहों पर अतिरिक्त जलघर बनाए जाने का प्रस्ताव तैयार किया और सरकार को भेज दिया। इस दौरान विधायक घनश्याम सर्राफ ने बताया कि आज पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों व पार्षदों के साथ मीटिंग की है। पार्षदों से पीने के पानी व सीवर से संबंधित समस्याएं जानी। साथ ही उन्होंने बताया कि पार्षदों से मीटिंग के बाद शहर में आठ जगहों पर बुस्टर व डाबर व निनान जलघर में अतिरिक्त टैंक बनाए जाने की प्रोपजल तैयार करके सरकार के पास भेजी है। जल्द ही पास होकर आने की उम्मीद है।



### बाबा देवानन्द गिरी महाराज ने ली समाधि, शरीर त्यागा

**चरखी दादरी।** गांव सांवड़ में बने प्राचीन डेरा बाबा गुलाब गिरी के महन्त बाबा श्रीश्री 1008 देवानन्द गिरी महाराज का 19 जून बुधवार को 77 वर्ष की उम्र में शरीर पूरा हो गया है। यह खबर सुनकर गांव के ग्रामीणों व आस-पास के क्षेत्रीय लोगों का पार्थिव शरीर को श्रद्धाजंलि देने के लिए तांता लगा रहा। बुधवार को संत परम्परा के अनुसार उन्हें भू-समाधि दी गई। इस दौरान गांव के सरपंच प्रतिनिधि गौरव चौबारला, पूर्व सरपंच मदन सिंह परमार, हिण्डोल सरपंच प्रतिनिधि सुधीर शर्मा, पूर्व डीसी अशोक शर्मा, पूर्व चेयरमैन प्रमोद, प्रेमप्रकाश शर्मा आदि ग्रामीणों ने ब्रह्मलीन हुए देवानन्द गिरी महाराज के शरीर को फूलों से सजाया।

इस दौरान पूरे गांव में अंतिम यात्रा निकाली और साधु-संतों ने विधिवत रूप से उनके पार्थिव शरीर को समाधी दे दी। जानकारी के अनुसार वे काफी दिन से बीमार चल रहे थे। काफी वर्षो तक उन्होंने डेरा गुलाब गिरी में रहकर अपनी सेवाएं दी तथा विश्व कल्याण के लिए वे सदैव तप में लीन रहते थे। बाबा हरसुखदास, रामानन्द गिरी, विजेन्द्र गिरी, बाबा बालकनाथ गिरी, बाबा तकदीर गिरी, बाबा धन सिंह, बाबा प्रकाश गिरी, राजेश जगत, पप्पी शर्मा, बबलू शर्मा, पंच रामधारी शर्मा सहित समस्त ग्रामीण बाबा की भू-समाधि के दौरान उपस्थित रहे।

# वित्त मंत्री का लोहारू दौरा सुनीं लोगों की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

प्रदेश के वित्त मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि गर्मी के मौसम में सिंचाई तथा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी आपस में तालमेल स्थापित कर लोगों के पेयजल के लिए जलघरों के वाटर टैंकों तथा गांवों में पशुओं के लिए जोहड़ों को भरवाना सुनिश्चित करें। लोहारू के प्रत्येक वार्ड तथा गावों में पेयजल की व्यवस्था करना भी सुनिश्चित करें। वित्त मंत्री दलाल वीरवार को अपने लोहारू कैंप ऑफिस कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत लोहारू के वार्ड नंबर एक व गांव सिंघानी का दौरा कर रहे थे।

उन्होंने गांव सिंघानी के दौरे के दौरान पंचायती राज के अधिकारियों को कहा कि वे गांव की अनुसूचित जाति की बस्ती में अधूरा पड़ा गली निर्माण कार्य को अति शीघ्र पूरा करवाएं जाएं। वित्त मंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार द्वार घोषित विकास कार्योंर् के निर्माण में तेजी लाई जाए। उन्होंने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोहारू शहर व क्षेत्र के गांवों में पानी की पाइप लाइन डालने के उपरांत सडक व गली को तुंरत ठीक करवाया जाएं। इन कार्योंर् में देरी करने वाले व कार्य में कोताही बरतने वाले अधिकारी को दोषी माना जाएगा। वित्त मंत्री ने लोहारू शहर के लोगों की मांग पर बीएंडआर विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पिलानी रोड रेलवे फाटक के दोनों ओर सडक़ मार्ग की मरम्मत करवाई जाए।



### चोरी की घटनाओं से बचाव के लिए लगाएं ठीकरी पहरा

**बवानीखेड़ा।** जनता के सहयोग के बिना पुलिस कुछ नहीं कर सकती। पुलिस प्रशासन जनता की सेवा में हरदम तैयार है। चोरियों की बढ़ रही संख्या पर अंकुश लगाने के लिए ठीकरी पहरे की जरूरत है।

ये बात बवानी खेड़ा थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार ने कही। उन्होंने बताया कि स मा ज से वि यों ए सामाजिक संस्थाओं या निजी स्त्रोत के माध्यम से सीसीटीवी कैमरे सार्वजनिक स्थानों पर लगाने चाहिए व दुकानदारों को व घर के आगे भी सीसीटीवी कैमरों की जरूरत है ताकि चोरियों पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि यही घर से बाहर जाए तो ताला लगाकर जाए व पड़ोसियों को भी इतला करके जाएं ताकि वे ध्यान रख सके। यदि कोई संदिग्ध दिखाई देता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें। पुलिस जनता की सेवा के लिए हरदम तैयार है। उन्होंने कहा कि जनता का सहयोग जरूरी है।

- पुलिस प्रशासन जनता की सेवा में हरदम तैयार : थाना प्रभारी

### सर्व कर्मचारी संघ ने आंदोलन का बजाया बिगुल, 16 जुलाई को करेंगे प्रदर्शन



**भिवानी।** सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर संघ की बैठक महम रोड संघ कार्यालय में जिला प्रधान सुरजभान जटासरा की अध्यक्षता में हुई। मंच संचालन जिला सचिव सहदेव सिंह ने किया। मुख्य वक्ता के तौर पर संघ के सहसचिव सत्यवीर स्वामी उपस्थित रहे। मीटिंग में पिछले कार्यक्रमों की समस्या एवं आगामी रणनिति पर चर्चा की। लोकसभा चुनाव में कर्मचारियों की भूमिका पर भी चर्चा की तथा विस चुनाव से पहले कर्मचारी मांगों को लेकर आंदोलन को तेज करने पर विचार विमर्श किया। मुख्य वक्ता सत्यवीर स्वामी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार तुरंत सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करें तथा कई वर्षों से लंबित कच्चे कर्मचारियों की वेतन बढ़ोतरी की जाए। पुरानी पेंशन बहाल की जाए, कौशल रोजगार भंग करके पक्की भर्ती की जाए, निजीकरण व ठेका प्रथा को बंद किया जाए, हरियाणा प्रदेश की आबादी के आधार पर पद सर्जित करके बेरोजगारों को योग्यता के अनुरूप सरकारी नौकरी प्रदान करें। सभी प्रकार के कर्मचारियों की वेतन विसंगति को दूर किया जाए, लिपिक वर्गीय कर्मचारियों का 35400 वेतनमान लागू किया जाए, पदोन्नति सूचि जारी करें, अन्यथा 16 जुलाई को प्रदेशभर में जिला वाइज कर्मचारी प्रदर्शन कर उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

**ये रहे मौजूद :** उन्होंने कहा कि 17 जुलाई से कर्मचारी शहरों व कस्बों में कर्मचारी मोहल्ला मीटिंग करके आमजन में पर्चे बांटेंगे।

### कबीर साहेब का प्रकट दिवस पर भंडारा कल

**भिवानी।** संत शिरोमणि कबीर साहेब महाराज के 627वें प्रकट दिवस पर 22 मई को प्रातः सवा 11 बजे बावड़ी गेट स्थित शिव धानक धर्मशाला में हवन-यज्ञ व प्रसाद वितरित कर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। धर्मशाला के कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र इन्दौरा ने बताया कि प्रकट दिवस समारोह में मुख्यतिथि सांसद धर्मबीर सिंह, अति विशिष्ट अतिथि विधायक घनश्यामदास सर्राफ, नपा चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप, हर्षदीप डुडेजा शिरकत करेंगे। समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समारोह के सफल आयोजन में प्रधान अनिल डाबला, उपप्रधान अनिल पेंटर, अशोक तुर्किया, अशोक बामणीया, बबलू ईटकाण, जसवंत डाबला, सतीश तुर्किया कुलदीप कांगड़ा का विशेष योगदान रहेगा।

## बिजली कटों ने कर दिया जीना मुहाल

# ढाणी का पानी नहीं है पीने के लायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

वैसे तो बवानीखेड़ा में पीने के पानी व बिजली के अघोषित कटों से पूरा कस्बा ही बेहाल है,लेकिन सबसे बुरी स्थिति ढाणी की है। वहां का न तो पानी पीने लायक है और न ही बिजली की सप्लाई पहुंच पा रही है। जिसकी वजह से उक्त इलाके के लोग नारकीय जीवन जीने पर मजबूर हैं।

उक्त समस्या को लेकर ढाणी के लोगों ने हरियाणा जागृति मोर्चा के बनैर तले जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांग को पूरा नहीं किया तो वे सड़कोंपर उतरने को मजबूर होंगे। ढाणी की महिला रूक्मिणी ने बताया कि उनके इलाके में पीने के पानी की सप्लाई का कोई वक्त नहीं है। देर सवेर पानी की सप्लाई आती है तो वह बदबूदार पानी की सप्लाई पहुंच रही है। जो कि पानी न तो पीने लायक है और न किसी अन्य चीज में प्रयोग किया जा सकता। जिस वक्त पानी की सप्लाई आती है उस वक्त उनको नलों के पानी को नालियों में छोडऩा पड़ता है। यह स्थिति रोजाना बन रही है। उनको मजबूरन हेंडपैम्पों के सहारे ही हलक तर करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि यह स्थिति बिजली की सप्लाई की है।

बिजली के अघोषित कट ने उनका जीना हराम कर दिया है। बिजली के न आने से गर्मी में गलियों व सडक़ों पर बैठने पर मजबूर है। उन्होंने बताया कि इस बारे में कई बार बिजली व पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों से शिकायत की,लेकिन आज तक उनकी इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। हरियाणा जागृति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राजेश सिंधू ने कहा कि अगर जिला प्रशासन ने उनकी इस समस्या का निदान नहीं किया तो वे सडक़ों पर उतरने को मजबूर होंगे। इससे पूर्व हरियाणा जागृति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राजेश सिंधू ने वहां पर मौजूद महिला व पुरुषों को समाज में फैली नशा रूपी बुराई को मिटाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की शपथ दिलाई।


भिवानी। मांगों को लेकर नारेबाजी करते लोग। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मोर्चा के हलका अध्यक्ष जयबीर आल्हान, उपाध्यक्ष दिनेश चौहान, महासचिव अशोक मुंढारा व जिला अध्यक्ष सुरेश विधवान,मनोहर, राजबीर,हुकुम, राजेंद्र आदि मौजूद थे।

## दुर्दिनों के दौर से गुजर रहा बवानीखेड़ा हलका : फौजी

**भिवानी।** पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी ने कहा कि बवानीखेड़ा हलका दुर्दिनों के दौर से गुजर रहा है। हलकी नहरों में पानी नहीं है। जिसकी वजह से कस्बों के अलावा ग्रामीण इलाकों के भी जलघरों के टैंक खाली पड़े है। हालात ये है कि पीने के पानी के लिए लोगों को सडक़ों पर आना पड़ रहा है।पानी की कमी के चलते लोगों का जीना मुहाल हो गया है। यह सब समस्या सरकार की जनविरोधी नीतियां व हलके के साथ किए जा रहे भेदभाव के चलते हुआ है। वे आज गांव खरक में जनसम्पर्क अभियान के तहत लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सुंदर नहर में एक सप्ताह पानी चलाया जाना चाहिए लेकिन तीन चार दिनों बाद ही नहर को बंद कर दिया जाता है। इतने समय में तो जलघरों के टैंक कभी भी नहीं भर सकते। पानी की कमी के चलते अनेक जगहों पर पीने के पानी का घोर संकट बन गया है। ग्रामीण इलाकों में ट्यूबवेल के पानी की सप्लाई दी जा रही है। जो कि खारे पानी की सप्लाई है। नहरी पानी के अभाव में किसानों के खेतों में खरीफ की फसले सूखने लगी है।

**सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है जनता :** उन्होंने कहा कि हाल ही में केंद्र सरकार ने खरीफ फसलों के न्यूनतम सर्मथन मूल्य को बढ़ाया,लेकिन वह किसानों के लिए ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। अब जनता सता परिवर्तन का मन बना चुकी है। जिसका उदाहरण जनता ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में वोट देकर दे दिया है। उन्होंने प्रदेश में पूर्व सीएम चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा व दीपेंद्र सिंह हुडडा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

- जलघरों के टैंक खाली,पानी की सप्लाई हुई बदहाली




आप सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

SCR SR. SEC. SCHOOL
Aff. To CBSE
NH-148B Dadri-Bhiwani Road Charkhi Dadri

REQUIREMENTS
- Administrative Posts : School Manager, Vice Principal
- PGTs: Physics, Chemistry, Maths, Biology, Account, Business Study, History, Pol. Science, Economics, English, Music
- TGTs : Maths, Sanskrit, S.St. (Eng. Med.), English, Science, Reasoning
- PRTs : All Subjects, Mother Teacher-05, Receptionist-01
- Others : Driver, Conductor, Peon, Dpe (Ex Service Man), Clerk

WALK-IN-INTERVIEW on Friday, 28 June at School Campus, Timing- 9:30 am to 1:00 pm
Send your Resume through Email : scrcharkhi1@gmail.com
7056980100, 7056980200, 7056980300, 7056980400



जागरूकता / रजनी अरोड़ा

बच्चों, नित्य आसन और प्राणायाम करने से हम शारीरिक रूप से स्वस्थ ही नहीं रहते, दिमागी रूप से भी मजबूत बनते हैं। योग हमारे लिए कितना उपयोगी है, इन्हें तुम कैसे करो, बता रहे हैं **योग गुरु सत्य नारायण यादव**।

# योगाभ्यास करो हमेशा स्वस्थ-निरोगी रहो

बच्चों, योग हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा मानव को दिया ऐसा वरदान है, जिसके नियमित और नियमपूर्वक अभ्यास से हम अपने तन और मन को स्वस्थ, निरोग और बलवान बना सकते हैं। अगर बच्चे अपनी नन्ही उम्र में ही योगाभ्यास शुरू कर दें तो उनके शरीर में गुड हार्मोंस और एनर्जी का फ्लो अधिक होगा। योग हमें फिजिकली, मेंटली और इमोशनली स्ट्रॉन्ग बनाता है। बच्चों जानो, अपने लिए कुछ उपयोगी योगासनों के बारे में। साथ ही इन्हें करने के नियम और इनसे होने वाले लाभ के बारे में भी जानो।

## ताड़ासन : शारीरिक विकास में सहायक

**अधिकांश आसन** हमारे शारीरिक विकास में बहुत सहायक होते हैं। विशेष तौर पर ताड़ासन, लंबाई बढ़ाने में सहायक होने के साथ-साथ शरीर के विभिन्न अंगों में बैलेंस बनाने में भी सहायक होता है। बढ़ती उम्र के बच्चों के लिए यह आसन बहुत ही लाभदायक है।

**ताड़ासन की विधि :** सबसे पहले दोनों पैर मिलाकर बिल्कुल सीधे खड़े हो जाओ। दोनों हाथ सामने लाओ और अंगुलियों को एक-दूसरे में फंसाकर लॉक कर लो। गहरी सांस लेते हुए हाथों को सिर के ऊपर ले जाओ। अब पंजों के बल उठो और हाथों को ऊपर की तरफ खींचो। इस पोजीशन में कुछ सेकेंड सांस रोक कर रखो, फिर धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए हाथ नीचे ले आओ और सीधे खड़े हो जाओ। *

## शशांक आसन, उष्ट्रासन : बढ़ती है शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी

**ये आसन** नियमित करने से शरीर लचीला बनता है, मसल्स मजबूत होती हैं। स्पाइनल कॉर्ड को फ्लेक्सिबल बनाने के लिए शशांक आसन और उष्ट्रासन बहुत उपयोगी हैं। ये आसन करते हुए खून का प्रवाह नियमित होता है। खून का प्रवाह बढ़ने से बच्चों में आंखें कमजोर होने की समस्या दूर होती है, साथ ही मेमोरी भी बढ़ती है।

**शशांक आसन की विधि :** शशांक आसन करने के लिए पहले वज्रासन की मुद्रा में बैठ कर हाथ पीछे ले जाकर बाएं हाथ से दाएं हाथ को पकड़ो। धीरे-से गहरी सांस लो और सांस छोड़ते हुए घुटने की ओर आगे झुको। 3-4 मिनट इसी अवस्था में रुको। धीरे-धीरे सांस लेते हुए वापस वज्रासन वाली पोजिशन में आ जाओ।

**उष्ट्रासन करने की विधि :** उष्ट्रासन करने के लिए पहले वज्रासन की मुद्रा में घुटने के बल खड़े हो जाओ। हाथों को पैरों की एड़ियों पर रखकर शरीर को धीरे-धीरे पीछे ले जाओ और गर्दन को पीछे की ओर लेकर जाओ। इस पोजिशन में 5-6 सेकेंड रुको। धीरे-धीरे वापस वज्रासन की पोजिशन में आ जाओ। *





## वज्रासन : पॉश्चर ठीक रखने में मददगार

**पढ़ते समय** झुक कर पढ़ने की आदत से बच्चों के स्पाइनल कॉर्ड पर असर पड़ता है। इससे बॉडी का पॉश्चर खराब हो जाता है, गर्दन और कमर में दर्द रहने लगता है और नजर भी कमजोर हो जाती है। वज्रासन करने से खराब पॉश्चर और उनसे होने वाली समस्याओं से बचा जा सकता है। वज्रासन से स्पाइनल कॉर्ड सीधी रहती है।

**वज्रासन की विधि :** सबसे पहले योगा मैट पर घुटने के बल बैठ जाओ। दोनों पैरों के अंगूठे को एक-दूसरे से स्पर्श कराओ और एड़ियां थोड़ी खुली रखकर उस पर बैठ जाओ। अपने दोनों हाथ, पैरों के घुटने पर रखो। कुछ देर इसी अवस्था में बैठे रहो। इस दौरान नजरें सामने और रीढ़ की हड्डी बिल्कुल सीधी रखो। अधिकांश आसन खाली पेट किए जाते हैं लेकिन इस आसन को तुम खाना खाने के बाद भी कर सकते हो। *

## प्राणायाम : बढ़ता है कंसंट्रेशन और मेमोरी पॉवर

**बच्चों, अगर** तुम आसन और प्राणायाम का नियमित अभ्यास करोगे, तो इससे तुम्हारी मेमोरी भी शार्प होगी, साथ ही तुम्हारा कंसंट्रेशन लेवल भी बढ़ेगा। एक रिसर्च के मुताबिक स्क्रीन टाइम बढ़ने से बच्चों में मायोपिया (नजर कमजोर होना) की समस्या को दूर करने के लिए रोजाना 15 मिनट अनुलोम-विलोम प्राणायाम करना फायदेमंद होता है। इसके अलावा प्रणव यानी 'ओम' का उच्चारण, अर्ध शीर्षासन, शीर्षासन जैसे योगासन के नियमित अभ्यास से दिमाग में रक्त प्रवाह सुचारु तरीके से होता है, जिससे स्मरण शक्ति बढ़ती है। किसी काम को करने में दिमाग अधिक फोकस्ड रहता है, जिससे तुम किसी भी काम को अच्छी तरह एकाग्रता से कर पाओगे। यानी योग तुम्हें सुपर स्मार्ट बनाता है।

**प्रणव उच्चारण की विधि :** प्रणव उच्चारण में आलती-पालथी मारकर बैठ जाओ और हाथों को ज्ञान मुद्रा में रखो। लंबी गहरी सांस लेते हुए 'ओम' का उच्चारण करो। यह एक तरह का मेडिटेशन है। हो सके तो ओम का उच्चारण तीन हिस्सों में बांटकर करो- आ, ऊ और म। बच्चों, कोई भी योगासन करने से पहले इस बात का ध्यान रखना कि इसे अनुभवी योगा गुरु या प्रशिक्षक से अच्छी तरह सीखने के बाद ही इनका अभ्यास करना। *



### कब करें योग

बच्चों, तुम अपनी सुविधानुसार सुबह-शाम किसी भी समय योग कर सकते हो। चाहे तो दोनों समय 20-30 मिनट तक योगाभ्यास कर सकते हो।

### योग के विशेष लाभ

**रहेगा वेट पर कंट्रोल :** बच्चों, योग हमारे बॉडी वेट को बैलेंस करने में सहायक होता है। इससे अधिक वजन वाले बच्चे का वजन कम होता है और कम वजन वाले बच्चों का वजन ठीक हो जाता है। यानी योग अधिक वजन वाले और दुबले-पतले, दोनों तरह के बच्चों के लिए फायदेमंद है। योग से मांसपेशियों को ताकत मिलती है, जिससे दुबले बच्चे भी बलवान बन सकते हैं, वहीं दूसरी ओर योग के नियमित अभ्यास से शरीर से फैट कम होता है, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

**स्ट्रेस होगा कम, बढ़ेगा कॉन्फिडेंस :** योगासन और मेडिटेशन, पढ़ाई, एग्जाम या दूसरी चीजों को लेकर बच्चों में होने वाले स्ट्रेस को कम करने में मदद करता है। डीप ब्रीदिंग के साथ किए जाने वाले विभिन्न योगासनों से फेफड़े मजबूत होते हैं। नियमित प्राणायाम से फेफड़ों की ऑक्सीजन ग्रहण करने की क्षमता बढ़ जाती है, जिससे शरीर की कोशिकाओं को सही ढंग से ऑक्सीजन मिलने लगती है, इसका पूरे शरीर पर सकारात्मक असर पड़ता है। तन-मन पर नियंत्रण और दिमाग को शांत रहता है। इससे तुम कठिन से कठिन परिस्थिति में शांत रहकर काम कर सकते हो। साथ ही तुम्हारा कॉन्फिडेंस लेवल भी बढ़ता है।

## जीके क्विज-109

1. भारत के अगले थल सेना प्रमुख कौन होंगे?
2. हाल ही में कौन लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं?
3. योग का जनक (फादर ऑफ योगा) किसे कहा जाता है?
4. पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया गया था?
5. दीपा कर्माकर किस खेल के लिए जानी जाती हैं?
6. किस नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है?
7. कौन-सा अंग हमारे रक्त को शुद्ध करता है?
8. डुरंड कप किस खेल से संबंधित है?
9. किस देश को 'केक की भूमि' भी कहा जाता है?
10. सेब में कौन सा अम्ल पाया जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-109 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-108 का उत्तर :** 1.चंद्रबाबू नायडू और मोहन चरण माझी, 2.ज्योति रात्रे, 3.विटामिन ए, 4.महात्मा गांधी, 5.बाबर, 6.भारत और चीन, 7.बौद्ध धर्म, 8.लैक्टोमीटर, 9.तबला, 10.वुलर झील

**जीके क्विज-108 का सही उत्तर देने वाले :** अजय साहू-धमतरी, मानवी मधुकर-बिलासपुर, कबीर-हिसार, बाबला-ईमेल से, बिंदा ध्रुव-ईमेल से, पिंकी-बिलासपुर, दीक्षा-रायपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, सरबजीत-करनाल, बी आकांक्षा-अहमदाबाद, बी ईशान-अहमदाबाद, दिव्या-रायपुर, समीर-रोहतक

## हंसगुल्ले



**सोनू :** क्या हुआ भाई, उदास क्यों बैठे हो?
**मोनू :** सुबह एक न्यूज चैनल के एंकर ने कहा था, 'आइए, हम आपको गोवा लेकर चलते हैं...।' तभी से तैयार होकर बैठा हूं, लेकिन अभी तक कोई आया ही नहीं।

-रंजीत, हिसार

**टीचर :** रोहित, तुम रोज स्कूल आने में लेट क्यों हो जाते हो?
**रोहित :** सर, एक बोर्ड के कारण।
**टीचर :** कैसा बोर्ड?
**रोहित :** रास्ते में एक बोर्ड है, जिस पर लिखा है- 'आगे स्कूल है, कृपया धीरे चलें।'

-दिव्यम, भोपाल

**साइंस टीचर :** कौन-सा लिक्विड गर्म करने पर सॉलिड बन जाता है?
**राजू :** बेसन के पकौड़े।

-तनुजा, बेमेतरा

कहानी
सरस्वती रमेश

# योग का करिश्मा

शिवा को फास्ट फूड खाने में बहुत मजा आता था। फास्ट फूड खाने के कारण वह फैटी हो गया। फैटी हुआ तो आलसी भी हो गया। उसके मम्मी-पापा चिंतित रहते। इस बीच शिवा अपने मम्मी-पापा के साथ गांव गया। वहां दादा जी भी उसे देखकर चिंतित हुए। लेकिन उन्होंने शिवा की दिनचर्या ऐसी बदली कि एक करिश्मा-सा हो गया।



शिवा को फास्ट फूड खाना बहुत पसंद था। बर्गर, चाउमीन, पिज्जा ये सब चीजें खाने के लिए वह अक्सर ही जिद करता। हालांकि मम्मी को पता था, फास्ट फूड सेहत के लिए अच्छा नहीं है, लेकिन शिवा की जिद के आगे उन्हें झुकना पड़ता। पापा की डांट का भी उस पर कुछ असर नहीं होता। फास्ट फूड खाने से शिवा का वजन लगातार बढ़ रहा था। बढ़े वजन के कारण कोई भी काम करने में उसे थकान महसूस होती। अब तो वह आलस के कारण शाम को खेलने के लिए पार्क भी नहीं जाता था। दिन में घंटों मोबाइल में वीडियो गेम खेलता। मम्मी उसके बढ़ते वजन और मोबाइल की लत से परेशान रहतीं।

इधर कुछ दिनों से शिवा के पेट में अक्सर दर्द उठने लगा था। डॉक्टर ने साफ-साफ शब्दों में आगाह किया, 'शिवा, तुम्हारे डाइजेशन में दिक्कत शुरू हो गई है। फास्ट फूड बिल्कुल नहीं खाना है। साथ ही वेट भी कम करना होगा।'

डॉक्टर की बात सुनकर मम्मी-पापा चिंतित हो गए। उन्हें समझ नहीं आ रहा था शिवा का वजन कैसे कम हो? एक दिन पापा ने शिवा की मम्मी से कहा, 'क्यों न हम लोग कुछ दिनों के लिए गांव हो आएं। शिवा की गर्मियों की छुट्टियां भी चल रही हैं। गांव में शायद उसकी आदतों में कुछ सुधार हो जाए।'

'हां मुझे भी लगता है।' मम्मी ने भी हामी भरी।

चार दिन बाद ही सब गांव आ गए। गांव में दादाजी, चाचाजी और उनके बच्चे रिंकी और सोनू रहते हैं। पहले ही दिन चाची ने दोपहर में सबके लिए स्वादिष्ट खाना बनाया। रोटी में चुपड़ी देसी घी की महक ने खाने के स्वाद को कई गुना बढ़ा दिया। खाना खाकर शिवा बोला, 'इतना स्वादिष्ट तो पिज्जा भी नहीं होता।' शिवा की बात सुनकर सब हंसने लगे।

शिवा का मोटा शरीर देखकर दादाजी को चिंता हुई। उन्होंने शिवा के पापा से इस बारे में बात की। वह बोले, 'हां पिताजी, शिवा का वजन बढ़ना हमारे लिए चिंता की बात है। वजन कम करने के लिए इसे बुरी आदतें छोड़ने के लिए कहता हूं, लेकिन यह मानता ही नहीं।'

दादाजी बोले, 'तुम चिंता मत करो, मैं सब संभाल लूंगा।'

शाम को शिवा अपने चचेरे भाई-बहनों के साथ खेतों में घूमने निकल गया। ठंडी हवा चल रही थी। गांव शिवा को बहुत अच्छा लग रहा था। वहां के माहौल और भाई-बहनों के साथ में वह कुछ यूं रमा कि मोबाइल और वीडियो गेम की उसे सुध ही नहीं रही।

अगले दिन शिवा सुबह जल्दी उठ गया। उसने देखा, दादाजी रिंकी और सोनू के साथ प्राणायाम और योग कर रहे हैं। वह भी उनके पास जाकर बैठ गया। दादाजी उससे बोले, 'योग और प्राणायाम करने से बीमारियां दूर रहती हैं। शरीर चुस्त-दुरुस्त रहता है। तुम भी प्राणायाम और योग करो शिवा।'

'मुझसे नहीं होगा।' शिवा बोला।

'कोशिश तो करो।' दादाजी बड़े प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरते हुए बोले।

'जी दादाजी..।' शिवा आसानी से मान गया।

वजन ज्यादा होने से शिवा को योग आसन करने में थोड़ी दिक्कत हुई, लेकिन जब उसने कोशिश की तो प्राणायाम-योग करने लगा।

रोज सुबह योग का अभ्यास करने से जल्द ही उसे कई तरह के आसन अच्छे से आ गए। ताजे फल, दूध, दही, छाछ, हरी सब्जियां खाने से उसकी पाचन क्रिया भी दुरुस्त होने लगी। वह सुबह-शाम बाहर की खुली ताजी हवा में बिताता, जिससे उसकी फिजिकल एक्टिविटी ज्यादा हो रही थी। उसका बढ़ा हुआ वजन तेजी से कम होने लगा। थकान और आलस की समस्या भी दूर हो गई। अब तो वह मजे से दौड़ता, भागता, खेलता। उसके पेट का दर्द भी छूमंतर हो चुका था।

करीब एक माह बाद शहर लौटने का दिन आ गया। शहर जाते समय दादाजी ने शिवा से पूछा, 'गांव में कैसा लगा बेटा?'

'बहुत अच्छा दादाजी। शहर में अब ये सब नहीं मिल पाएगा।' शिवा कुछ दुखी मन से बोला।

दादाजी ने समझाया, 'शहर में भी प्राणायाम और योगासन किया जा सकता है। अनहेल्दी खाने से दूर रहकर हेल्दी डाइट ली जा सकती है, स्वस्थ और फुर्तीला रहा जा सकता है। तुम प्रॉमिस करो, वहां जाकर यहां की अच्छी आदतें भूलोगे नहीं।'

'जी दादाजी, बिल्कुल नहीं भूलूंगा।' शिवा तुरंत बोला।

शिवा में आए इस बदलाव को देखकर मम्मी-पापा की सारी चिंताएं दूर हो गई थीं। दोनों ने अपने बेटे में आए करिश्माई बदलाव के लिए दादाजी को धन्यवाद दिया। वे खुशी-खुशी शिवा को लेकर वापस शहर आ गए। *

कविता
गोविंद भारद्वाज



## योग दिवस

योग दिवस है आज योग दिवस,
आओ मिलकर योग करें।
जाति-धर्म का भेद मिटाकर हम,
सबका ही सहयोग करें।
स्वस्थ रहेगी काया अपनी,
स्वच्छ रहेगा फिर मन।
अभ्यास करो-अभ्यास करो
खर्च न होगा कोई धन।
विश्व गुरु भारत अपना जो
सबको योग सिखलाए।
लाभ मिलेंगे क्या-क्या इससे,
दुनिया को ये बतलाए।
बिछाकर आसन अपना सारे,
दूर सदा हर रोग करो।
योग दिवस है आज योग दिवस,
आओ मिलकर योग करें।

## गिनकर बताओ


बच्चों, दिए गए चित्र में कुछ बच्चे पार्क में योग के अलग-अलग आसन कर रहे हैं। तुम गिनकर बताओ कि चित्र में कुल कितने बच्चे योगाभ्यास कर रहे हैं?




उत्तर-14

## रास्ता खोजो

बच्चों, हर्षित को पार्क में योगाभ्यास कर रहे अपने दोस्तों के पास पहुंचना है। लेकिन पार्क तक पहुंचने का रास्ता बहुत टेढ़ा-मेढ़ा है। हर्षित को अपने दोस्तों तक पहुंचने में मदद तो करो जरा।



## बूझो तो जानें



1
कितने रंग प्रकाश में होते
कहो! कौन वह दानी।
होकर मौन भोर में आए
वह है ज्ञानी, ध्यानी।।

2
कौन दिनेश, मित्र, दिवाकर
कौन भानु है भास्कर जी।
वही विहंगम, अरुण, मार्तंड
वही प्रभाकर दिनकर जी।।

3
कौन अंशुमाली है जग का
कौन रवि और मंदार।
है आदित्य भगत सुखकारी
कौन लुटाए जग को प्यार।।

4
किरणें जिसकी जीवन देतीं
पेड़-पौध को वही संवारे।
स्थिर है पर लगता चलता
अस्थि सबलता करे उजारे।।

-राकेश चक्र

उत्तर : सभी पहेलियों का जवाब है- सूर्य

# गर्मी में फौरी राहत के लिए सजगता से कार्य करें अधिकारी : सांसद

## डीसी मनदीप कौर सहित प्रशासनिक और विभागीय अधिकारी रहे बैठक में मौजूद

- लोकसभा सांसद धर्मवीर ने लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

सांसद धर्मवीर सिंह ने वीरवार को लघु सचिवालय में प्रशासनिक और विभागीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए गर्मी के मौसम में शुद्ध पेयजल और बिजली आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लंबी अवधि की योजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करें, लेकिन गर्मी में शुद्ध पेयजल और बिजली आपूर्ति में कोई कमी न रहें।, इसलिए संबंधित विभागीय अधिकारी ये सुनिश्चित करें कि आमजन को गर्मी में बिजली के अघोषित कटों का सामना न करना पड़े और जनता व पशुधन को भरपूर मात्रा में शुद्ध पेयजल मुहैया हो सके। सांसद ने कहा कि जहां भी पेयजल आपूर्ति में बाधा आए, तत्काल वाटर टैंकरों से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से जलघर व तालाब भरे रखने के लिए वाटर सप्लाई व्यवस्था निर्बाध रूप से दुरुस्त रखने को कहा। उन्होंने कहा कि जल घरों में कच्चे पानी की कमी नहीं आनी चाहिए। व्यवस्था को लेकर सरकार के स्तर पर कोई भी अड़चन आने पर उनके संज्ञान में लाएं। अड़चन को तत्काल दूर कराया जाएगा। उन्होंने नहरों, जलघरों, पेयजल आपूर्ति के पाइप लाइन कार्यों के तैयार एस्टीमेट को तय समय सीमा में मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि अभी 10 दिनों तक बिजली व पेयजल की आपूर्ति पर पूरा फोकस रखें।

### बरसात में जल निकासी व्यवस्था के कार्यों को प्राथमिकता से करें अधिकारी

सांसद ने कहा कि बरसात का सीजन आ रहा है, हमें जल निकासी व्यवस्था के कार्यों को प्राथमिकता के साथ करना होगा। जल निकासी नालों की सफाई तय समय सीमा में पूरा करें। जहां पर जल निकासी के लिए पंप सेट, बिजली कनैक्शन आदि की व्यवस्था की जरूरत हैं, वहां पर यह कार्य अभी से शुरू कर दें। बैठक में डीसी मनदीप कौर, एडीसी डॉ जयेंद्र सिंह छिल्लर, सीईओ प्रदीप कौशिक, भाजपा जिलाध्यक्षा डॉ. किरण कलकल, जिप चेयरमैन मंदीप डालावास, जिला पार्षद व नगर पार्षद मौजूद रहे।



**भिवानी।** बैठक में दिशा निर्देश देते सांसद धर्मबीर सिंह, साथ में डीसी व एडीसी।

## खबर संक्षेप



### मांगों के समाधान के लिए सीटीएम को ज्ञापन सौंपा

**भिवानी।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बन्धित सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान चन्द्रभान व इकाई प्रधान सूरज की अध्यक्षता में पालिकाओं, परिषदों, नगर निगमों व अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की मांगों के समाधान एवं उत्पीड़न की कार्यवाही समाप्त करने बारे मुख्यमंत्री के नाम दादरी की उपायुक्त मनदीप कौर की अनुपस्थिति में सीटीएम को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम आयुक्त व जिला कमेटी गुरूग्राम के समझौते को लागू करवाया जाए, संघ के समस्त कर्मचारियों को किश्तों में पक्का करने की बजाए पॉलिसी बनाकर एक मुस्त पक्का किया जाए।

### लेघां संत निरंकारी भवन में योग दिवस आज

**तोशाम।** संत निरंकारी सत्संग भवन लेघां में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज शुक्रवार को मनाया जाएगा। लेघां ब्रांच के मुखी महात्मा राजपाल ने बताया कि यह कार्यक्रम संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया जाएगा, जिसका समय सुबह 6 से 7 बजे तक रहेगा। इसके पश्चात निरंकारी सत्संग का आयोजन होगा,जिसमें सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज का मानवता के नाम दिव्य संदेश दिया जाएगा।

### शिविर में 382 लोगों के नेत्र और सामान्य बीमारियों की जांच

**चरखी दादरी।** मॉडल दादरी जिला बनाओ संगठन द्वारा अटेला, रामपुरा व डोहका में मेडिकल कैंप लगाया गया। कैंप की अध्यक्षता मास्टर अजीत सांगवान, पंडित सुरेश शर्मा, जीवन डोहका ने की। मुख्यतिथि विजय सिंह, निरंजन, विरेंद्र शर्मा रहे। कैंपों में आई क्यू, रोग निदान, आई क्यू अस्पताल के चिकित्सकों संतोष, स्वाति, गौरव व अन्यों ने सेवाएं दी और 382 लोगों के नेत्र रोग व सामान्य बीमारियों की जांच की और दवाईयां दी। शिविर में 12 लोगों ने मरणोपरांत नेत्रदान करने का फार्म भरा। 23 को आंखो के ऑपरेशन के लिए चयनित किया, जिनका संगठन के सहयोग से भिवानी के जालान अस्पताल में इलाज करवाया जाएगा।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर आयोजित हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एडीसी हर्षित कुमार की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में एडीसी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में प्रदेश के वित्त मंत्री जेपी दलाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। बैठक में एडीसी ने कहा कि योग दिवस को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। एडीसी ने योग स्थल की साफ. सफाई, पेयजल,निर्बाध बिजली उपलब्ध करवाने व बैठने की व्यवस्था आदि करने के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कौन कहां करेगा योगाभ्यास

विश्व योग दिवस पर लोहारू में सांसद चौ. धर्मबीर सिंह व बवानीखेड़ा में विधायक घनश्याम सर्राफ होंगे मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को उपमंडल लोहारू के चौ. देवी लाल स्टेडियम में उपमंडलीय योग दिवस के अवसर पर सांसद चौ. धर्मवीर सिंह मुख्य अतिथि होंगे। इसी प्रकार बवानीखेड़ा में भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ , बहल में जिला परिषद की चेयरपर्सन अनीता मलिक, सिवानी में डीईटीसी भिवानी, तोशाम में एसडीएम मनोज कुमार, कैरू में भिवानी के एसडीएम हरबीर सिंह अंतर्राष्ट्रीय योग में बतौर मुख्य अतिथि योगाभ्यास करेंगे।

## स्वस्थ सेहत बनाए रखने के लिए नियमित योग जरूरी: सरपंच

# प्रशिक्षण शिविर में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने जाना योग का महत्व

### गांव प्रेमनगर में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव प्रेमनगर स्थित चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय द्वारा पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया, जिसका वीरवार को समापन हुआ। योग शिविर का आयोजन योग विभाग में सहायक प्रोफेसर सुनील भारद्वाज के मार्गदर्शन में किया, जिसमें विश्वविद्यालय के योग विद्यार्थी अंशु दुहन व अंकित धानिया दोनों ने बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों को प्रशिक्षित किया। कैंप में गांव के सरपंच राजेश बूरा एवं हॉकी कोच राजकुमार दुहन का विशेष सहयोग रहा। सरपंच राजेश ने कहा कि सेहत हमारा सबसे महत्वपूर्ण धन है और हमेशा इसे संजोकर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि आधुनिक व व्यस्त जीवन में हमें समय निकालकर योगाभ्यास एवं व्यायाम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए रोजाना कम से कम 30 मिनट जरूर योग करना चाहिए। विशेषकर विद्यार्थियों को योग जरूर अपनाना चाहिए,जिससे बच्चों में एकाग्रता बढ़ती है। वे पढ़ाई व खेल में ओर बेहतर तरीके से अपना ध्यान लगाकर सफलता हासिल कर सकते है। उन्होंने बताया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर गांव के खेल परिसर में योग शिविर का आयोजन किया जाएगा।



**भिवानी।** गांव प्रेमनगर में जारी योग प्रशिक्षण शिविर में योग की कला सीखते ग्रामीण।

### भाविप की मुख्य शाखा ने लगाई योग कक्षा



**भिवानी।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा द्वारा 23 जून तक मनाए जा रहे सांस्कृतिक सप्ताह के तहत वीरवार को हालु बाजार स्थित सिद्धपीठ श्रीश्री 1008 बाबा हरिगिरी मठ में योग कक्षा लगाई। इस दौरान योग शिक्षक अमृत ने सूक्ष्म योग, प्राणायाम, अनुलोम विलोम व कपाल भांति आदि योग क्रिया की विस्तृत जानकारी दी तथा सज्जन अग्रवाल ने ध्यान एवं साधना से संबंधित योग क्रियाएं करवाई। इस अवसर पर परिषद शाखा के सचिव अधिवक्ता ललित शर्मा ने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोग मुक्त जीवन जीने के लिए हमें नियमित योग करना चाहिए, हम प्रतिदिन योग करें तो शरीर मजबूत एवं स्वस्थ रख सकते हैं। अग्रवाल ने कहा कि योग हमारे जीवन से जुड़े भौतिक,मानसिक, भावनात्मक, आत्मिक और आध्यात्मिक, आदि सभी पहलुओं पर काम करता है। व्यावहारिक स्तर पर योग शरीर, मन व भावनाओं को संतुलित करने व तालमेल बनाने का साधन है।

### मन को सुख, शांति व आनंद से भरपूर करता है राजयोग: वसुधा



**भिवानी।** मन को सुख, शांति व आनंद से भरपूर करता है राजयोग, यह उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की झोझूकलां शाखा के तत्वावधान में सेठ किशनलाल वाला मंदिर झोझूकलां व सोनी धर्मशाला कलियाणा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में /"स्वयं और समाज के लिए योग/" विषय पर आयोजित सामूहिक योग व राजयोग का अभ्यास करवाते हुए झोझूकलां सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा इस वर्ष का थीम स्वयं एवं समाज के लिए योग रखा है। वास्तव में राजयोग द्वारा ही हम स्वयं, समाज व परिवार को दिव्य बनाने की संवेदना जागृत कर सकते हैं, क्योंकि राजयोग आत्मा एवं परमात्मा का मिलन है, इससे हमारी आंतरिक शक्तियों का विकास होता है और आनंद की अनुभूति होती है। ब्रह्माकुमारी ज्योति ने कहा कि राजयोग के अभ्यास से तनाव मुक्त जीवन शैली व्यतीत कर सकते हैं। आपसी संबंधों को दिव्यता और मधुरता का रस भरता है योग।

#### तन व मन को स्वस्थ व स्वच्छ बनाने की प्रेरणा दी

ब्रह्माकुमारी अनुज ने कहा कि हम राजयोग को अपनी जीवनशैली में शामिल कर अपने जीवन को खुशहाल बनाना चाहिए, तभी हमारा भारत देश को स्वयं और समाज को दिव्य व श्रेष्ठ बनाने से ही पुनः विश्व गुरु कहलायेगा। ब्रह्माकुमारी ज्योति व अनुज बहन ने योग व राजयोग का अभ्यास करवा तन व मन को स्वस्थ व स्वच्छ बनाने की प्रेरणा दी।

# श्याम भक्तों ने निकाली ध्वजा यात्रा

- नगर परिक्रमा व ध्वजा यात्रा के दौरान ढोल-नगाड़ों व डीजे की थाप पर थिरके श्रीश्याम भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

वीरवार सुबह श्रीश्याम मंदिर सेवा समिति द्वारा बाबा मुंगीपा पहाड़ी स्थित श्रीश्याम मंदिर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पांचवें श्रीश्याम महोत्सव के दौरान कस्बे में ढोल-नगाड़ों, डीजे व आतिशबाजी के साथ श्रीश्याम भक्तों ने सैंकड़ों ध्वज हाथ में लेकर नगर परिक्रमा तथा ध्वजा यात्रा निकाली।

इस दौरान एकबारगी बाबा मुंगीपा नगरी तोशाम श्रीश्याम रंग में रंग गई। उल्लेखनीय है कि श्रीश्याम मंदिर सेवा समिति तोशाम द्वारा हर वर्ष 20 जून को बाबा मुंगीपा पहाड़ी स्थित श्रीश्याम मंदिर स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। इसी कड़ी में अबकी बार 20 जून वीरवार को पांचवें श्रीश्याम महोत्सव के तहत सुबह श्रीश्याम भक्तों द्वारा धूमधाम से नगर परिक्रमा व ध्वजा यात्रा निकाली।

ध्वजा थामें श्रीश्याम भक्त ढोल-नगाड़ों व डीजे की थाप पर खुद को थिरकने से रोक नहीं पा रहे थे। बाबा मुंगीपा पहाड़ी स्थित श्रीश्याम मंदिर से ध्वजा यात्रा प्रारंभ हुई, जो मेन चौक, पुराना थाना चौक, पुराना सिविल अस्पताल मार्ग, झील मार्ग, बस स्टैंड, सुरेंद्र सिंह चौक, भगवान परशुराम चौक, सिवानी मार्ग होते हुए रात्रि में बाबा खाटू श्रीश्याम के विशाल जागरण स्थल नई अनाज मंडी प्रांगण में पहुंची।




**भिवानी।** नगर परिक्रमा एवं ध्वजा यात्रा में शामिल श्रीश्याम भक्त।

# किसानों ने खरीफ की 14 फसलों के मूल्य में बढ़ोतरी को बताया मजाक

हरिभमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अखिल भारतीय किसान सभा ने केन्द्र सरकार द्वारा खरीफ की 14 फसलों के समर्थन मूल्य में जो मामूली बढ़ोतरी की है, उसे उंट के मुंह में जीरा करार दिया और किसानों के साथ क्रूर मजाक बताय। किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल, उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश, सचिव मास्टर जगरोशन रोढ़ा व कोषाध्क्ष मास्टर उमराव सिंह ने संयुक्त ब्यान जारी करके कहा कि केन्द्र सरकार ने जो खरीफ की 14 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया है, वह एक वर्ष में बढ़ी हुई मंहगाई से भी कम है, एक वर्ष में मंहगाई 5.35 प्रतिशत से भी ज्यादा बढ़ी है, इसी अवधि में खेती की लागत 10 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गई है।

### विशेष गिरदावरी करवाकर 50 हजार प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग

उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में अंधड़ से रेतिले इताके में कपास व सब्जियां बर्बाद हो गई हैं, उसकी विशेष गिरदावरी करवाते हुए 50 हजार प्रति एकड़ मुआवजा देने की किसान सभा मांग कर रही है, इसके लिए बहल, सिवानी, तोशाम व भिवानी में प्रदर्शन करके प्रशासन व सरकार को ज्ञापन दे चुके हैं, बकाया पड़ा बीमा क्लेम व मुआवजे के भुगतान की मांग कर चुके हैं, लेकिन सरकारों के कान पर जूं नहीं रेंग रही है।

# कल्याण गतिविधि का आयोजन

- कला के माध्यम से बच्चों की भावनात्मक और मानसिक विकास में मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मददगार सोसायटी और दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कुल, भिवानी के जॉय ऑफ़ गिविंग क्लब के सौजन्य से आस्था स्पेशल स्कूल, पुनर्वास केंद्र में दिव्यांग बच्चों के लिए कला का दान् विषय के अंतर्गत एक विशेष मानसिक स्वास्थ्य व कल्याण गतिविधि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता छळ० की संस्थापक और दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, भिवानी की प्राचार्या डॉ. अनीता पंत शर्मा ने की। इस गतिविधि का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को प्रोत्साहित करना था। बच्चों ने विभिन्न कला और शिल्प गतिविधियों में भाग लिया, जिससे उनके आत्मविश्वास और रचनात्मकता में वृद्धि हुई। डॉ. अनीता पंत शर्मा ने कहा कि कला के माध्यम से बच्चों की भावनात्मक और मानसिक विकास में मदद मिलती है और यह उन्हें अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण साधन प्रदान करती है।




**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम का अवलोकन करती प्राचार्या डॉ. अनिता पंत शर्मा।

## तकनीकी कर्मियों को 2400 रुपये का ग्रेड दिया जाए

# कच्चे कर्मियों को पक्का व पुरानी पेंशन बहाली की उठाई मांग

हरिभमि न्यूज ▶▶| तोशाम

वीरवार को हरियाणा गवर्मेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन सम्बंधित हरियाणा सयुंक्त कर्मचारी संघ ब्रांच तोशाम कर्मचारियों की बैठक जलघर झुल्ली पर हुई। बैठक की अध्यक्षता राज्य प्रैस प्रवक्ता व ब्रांच प्रधान कर्ण सिंह लाम्बा ने की। बैठक का संचालन ब्रांच सचिव संदीप गौड़ ने किया। बैठक में हनुमान शर्मा को ब्रांच का वरिष्ठ उपप्रधान सर्वसम्मति से बनाया। प्रधान कर्ण सिंह लाम्बा व सचिव संदीप गौड़ ने कहा कि प्रदेश की सरकार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना व पुरानी पेंशन बहाली को लेकर संजीदा नहीं है, इसको लेकर सभी कर्मचारियों में खासा रोष है। उन्होंने कहा कर्मचारी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने व पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष को तैयार है। गौड़ ने बताया कि प्रदेश का कर्मचारी किसी पूंजीपती परिवार से न होकर गरीब किसान, मजदूर और दुकानदार के परिवार से आता है, जिसका बुढापे में एक मात्र सहारा पेंशन होती है। गौड़ ने बताया कि मागों में पुरानी पेंशन बहाली, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, 18 माह का बकाया डीए किस्त का भुगतान,पद परिवर्तन, एक्सग्रेसिया नीति का पूर्णत बहाल, पीडब्ल्यूडी के तीनों विभागों में तकनीकी पदों पर कार्यरत कर्मियों को 2400 रुपये का ग्रेड पर लागू करने, कर्मियों का शिक्षा भत्ता बढाने की मांग की।



**भिवानी।** बैठक के दौरान उपस्थित कर्मचारी।

### कौशल के कर्मियों की रिटायरमेंट 60 वर्ष करने की मांग

कौशल के कर्मचारियों की रिटायरमेंट 60 वर्ष व रेन कोट व डागंरी दी जाए, बकाया एलटीसी दिलाने,कर्मचारियों को फ्री पानी कनैक्शन,तीनों विभागों में कर्मचारी की डयूटी के दौरान दुर्घटना मृत्यु पर 30 लाख रूपये का जोखिम भत्ते के रूप में आर्थिक अनुदान व आश्रित को नौकरी दी जाए, तीनों विभागों में जनरल स्टाफ की यात्रा भत्ते की सीमा 15 दिन से बढ़ाकर 20 दिन की जाए,फील्ड में कार्यरत पीडब्ल्यूडी विभाग की तर्ज वारिष्ठता के आधार पर जनस्वास्थ्य विभाग में कनिष्ठ अभियंता बनाया जाए,10 प्रतिशत कोटा निर्धारित किया जाए,

### चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को साईकिल, धुलाई, दोहरे पद का भत्ता देने की मांग

उन्होंने कहा कि चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को साईकिल भत्ता, धुलाई भत्ता, दोहरे पद का भत्ता व स्पेशल भत्ता बढाया जाए,भवन तथा मार्ग व सिंचाई विभाग मे हरियाणा स्टाफ सेलेक्शन द्वारा 2018 मे भर्ती चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को वरिष्ठता सूची मे जोड़ने आदि मांग की। उन्होंने बताया कि सरकार कर्मचारियों की मागों को बार बार अनदेखी करके जले पर नमक छिड़कने का काम किया है। इस अवसर पर खजांची धर्मबीर, उमेद, हनुमान, किरशन, धर्मबीर,बंशीलाल, बलवान, विजय, लजेराम, अनिल आदि मौजूद रहे।

# कलाकारों ने श्रीश्याम की महिमा का किया गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

श्रीश्याम मंदिर कमेटी चरखी दादरी द्वारा 19 जून की सांय 4 बजे से 7 बजे तक काठ मंडी स्थित श्रीश्याम हनुमान मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। भक्त श्याम लाल सैनी द्वारा संकट मोचन हनुमान की प्रतिमा के समक्ष ज्योति प्रज्जवलित कर भजन संध्या का शुभारंभ किया,जिसमें भजनों की अमृत वर्षा रामलाल वाल्मीकि, नरेश शर्मा, निशा शर्मा, विकास मित्तल, मंजू भल्ला, सलोनी जांगड़ा, इंद्रजीत,अनीता सोनी, जया मित्तल, नीतू बंसल आदि ने बाबा श्याम व हनुमान के भजनों का गुणगान करते हुए भक्तों को रिझाया। पंडित अश्वनी शास्त्री ने वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ पूजा अर्चना की। मंच संचालन रोहताश शर्मा ने किया।

**सूचना**

मैं, VINOD PHOGAT S/O TARA CHAND निवासी गांव सरुपगढ़ जिला चरखीदादरी, हरियाणा 127306 बयान करता हूं कि मेरे पुत्र के पासपोर्ट में पिता का नाम विनोद कुमार फोगाट है। जबकि वास्तविक नाम दस्तावेजों के अनुसार विनोद फोगाट है जो कि सही है। मेरे पुत्र के पासपोर्ट में पिता का नाम विनोद कुमार फोगाट (VINOD PHOGAT S/O TARA CHAND) की जगह विनोद फोगाट (VINOD PHOGAT) किया जाए।

## खबर संक्षेप



### रोगों के विरुद्ध बीज उपचार कारगर उपाय: डॉ. सैनी

**भिवानी।** विभिन्न खरीफ फसल ग्वार, मूंग, नरमा-कपास आदि को भूमि में विद्यमान फफूंद काफी हानि पहुंचाती है। ये फफूंद उगती हुई फसलों की जड़ों पर आक्रमण कर देती है, जिससे पौधों की खुराक व पानी बाधित हो जाते हैं। परिणाम स्वरूप दौच्चे पीले पड़ कर सूखने लगते हैं। ग्वार जैसी फसलों में तो ऐसी फफूंद के प्रकोप से कभी-कभी खेत के खेत खाली हो जाते हैं, लेकिन कार्बेंडाजिम 50 प्रतिशत (3 ग्राम दवा प्रति किलो बीज) से बीज को सूखा उपचार करने से जड़गलन व उखेड़ा की समस्या से निजात पाई जा सकती है। ये विचार एचएयू हिसार के कीट विज्ञान विभाग से सेवानिवृत डॉ. आरके सैनी ने व्यक्त किए।

### मानसून को लेकर कर्मियों ने की नाले की सफाई

**बवानीखेड़ा।** मानसून की नब्ज को भांपते हुए नगर पालिका सफाई कर्मचारियों ने कस्बा के नालों की सफाई पर फोकस किया हुआ है। वीरवार को सफाई दरोगा प्रदीप कुमार के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों द्वारा महिला कॉलेज के साथ लगते गंदे पानी की निकासी के नाले को साफ किया। हालांकि सबसे पहले इसकी शुरुआत नागरिक अस्पताल के साथ लगते नाले से की। दर्जनों कर्मचारियों ने इसके लिए मोर्चा संभाला।

### सरकार बाज आए वरना पछताना पड़ेगा : कृष्ण

**चरखी दादरी।** सर्व कर्मचारी संघ की बैठक जिला प्रधान कृष्ण ऊण की अध्यक्षता में हुई, जिसमें एसकेएस से जुड़े विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने शिरकत की गई। बैठक का संचालन हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ जिला सचिव कृष्ण सिंह शास्त्री ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 18 जुलाई को शहर में प्रदर्शन करते हुए कर्मचारियों की मांगों को लेकर जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रदर्शन के माध्यम से लिपिकों का वेतमान पंजाब के समान 35400 करने, पुरानी पेंशन नीति बहाल करने, कच्चे कर्मियों को पक्का करने, कौशल रोजगार निगम भंग करने, ठेका प्रथा व निजीकरण पर रोक आदि समस्याएं उठाई जाएंगी।

## कबाड़ बेचने का झांसा दें मोबाइल व रुपये छीनने तीन आरोपी गिरफ्तार, एक दिन के रिमांड पर लिए



**चरखी दादरी ।** पुलिस ने कबाड़ी से मोबाइल व नकदी छीनने के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तीनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस की दी शिकायत में झज्जर जिले के गांव जहाजगढ़ निवासी भूपेंद्र ने बताया था कि वह गांव-गांव घूमकर बाइक पर कबाड़ खरीदने का कार्य करता है। वह हररोज की तरह कबाड़ खरीदने के लिए गांव रूड़ियावास में गया था। उसी दौरान एक युवक बाइक पर उसके पास आया और उसने कहा कि वह चरखी दादरी जिले के गांव निमली का रहने वाला है। उन्होंने मकान तुड़वाया है, जिसमें काफी लोहा निकला है, जिसको बेचना चाहता है। वह कबाड़ खरीदने के लिए बाइक पर उसके पीछे-पीछे रूड़ियावास से निमली के लिए चल पड़ा। जब वे निमली के समीप वन क्षेत्र में पहुंचे तो बनी की ओर इशारा करके उसने कहा कि उनका मकान उस ओर है। जब उसने वहा जाने से मना कर दिया तो निमली की तरफ से पैदल दो युवक और आ गए। भूपेंद्र का आरोप है कि उक्त तीनों ने जबरदस्ती उसकी जेब से 8 हजार रुपए व उसका मोबाइल फोन छीन लिया। वहीं किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना सदर दादरी पुलिस की टीम ने 3 आरोपियों को रोहतक से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान चरखी दादरी निवासी विक्की, अंकित व अंकित के रूप में हुई है।

# कष्ट निवारण समिति की बैठक में 7 परिवादों को निपटाया

- आमजन के कार्य समय पर निपटाएं अधिकारी : उद्योग मंत्री
- लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक
- समिति की बैठक में डीसी मनदीप कौर सहित तमाम विभागों के कार्यालय अध्यक्ष मौजूद रहे

### अफसर कोताही न बरतें

मंत्री शर्मा ने कहा कि आमजन को समय पर सेवाएं देना शासन-प्रशासन का प्राथमिक दायित्व है। इसमें किसी भी स्तर पर कोताही नहीं होनी चाहिए। उद्योगमंत्री ने परिवादों के अतिरिक्त आमजन की समस्याएं भी सुनी और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। बैठक में नप चेयरमैन बक्शीराम सैनी, जिप चेयरमैन मनदीप डालावास, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. किरण कलकल, पूर्व जिलाध्यक्ष सत्येंद्र परमार, जिला उपाध्यक्ष राजेश बंटी, एसपी पूजा वशिष्ठ, एडीसी डॉ. जयेंद्र सिंह छिल्लर, सीईओ प्रदीप कौशिक आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, खाद्य आपूर्ति, उपभोक्ता मामले, एवं निर्वाचन मंत्री मूलचंद शर्मा ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए परिवादों की सुनवाई की। बैठक में कुल 14 परिवाद रखे गए,जिनमें से 7 परिवादों का मौके पर ही निपटारा किया गया और बाकि सात परिवादों को लेकर संबंधित विभागों को तय समय सीमा में निवारण करने के आदेश दिए।

समिति की बैठक में डीसी मनदीप कौर सहित तमाम विभागों के कार्यालय अध्यक्ष मौजूद रहे। उद्योग मंत्री मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि समय पर कार्य करने से शिकायतों में कमी आएगी। ऐसी कार्यशैली अपनाएं कि लोगों को बार बार सरकारी विभागों में अपने कार्य के लिए न आना पड़े। समय की मयार्दा को ध्यान में रखते हुए अधिकारी अपनी कार्य कुशलता का परिचय दें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने जिला व उपमंडल स्तर पर सुबह नौ से 11 बजे तक आमजन के हित में समाधान शिविर आयोजित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। इन समाधान शिविरों में लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है। शर्मा ने कहा कि भीषण गर्मी का मौसम है, ऐसे में बिजली और पेयजल आपूर्ति की समस्या नहीं होनी चाहिए, अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि लोगों को गर्मी से राहत मिले।




चरखी दादरी। कष्ट निवारण समिति की बैठक में समस्या सुनते मंत्री मूलचंद शर्मा।

## नगर पालिका ने चलाया कब्जा हटाओ अभियान

# ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस टीम की अगुवाई में कब्जों को किया ध्वस्त

प्रशासन की कार्रवाई से कब्जाधारियों और दुकानदारों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा में नगर पालिका की बेशकीमती भूमि पर कब्जा करने वाले कब्जाधारियों को नपा टीम ने पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में हटवाया और अन्य कब्जाधारियों को भी चेतावनी दी की वे अपने कब्जे को हटा लें अन्यथा उनके कब्जों पर भी चाबुक चलाया जाएगा। कब्जा कार्यवाही से पूरा कस्बा में दुकानदारों व कब्जाधारियों में हडकंप मच गया। बता दें कि बवानी खेड़ा नगर पालिका की बेशकीमती भूमि पर कब्जाधारियों ने कब्जा किया हुआ है जिसको लेकर समय समय पर नपा कार्यवाही करती है।

वहीं वीरवार को भी कब्जाधारियों के कब्जों को हटवाने के लिए ड्यूटी मैजिस्ट्रेट एसडीओ मनोज कुमार, नपा सचिव विनय कुमार, नपा लेखाकार शिवपाल, पटवारी संदीप कुमार, एमई श्रीभगवान, जेई सुरेश, पुलिस टीम से जगदीश सहित अन्य नपा सफाई कर्मचारियों की मौजूदगी में कब्जा को हटाया गया। कब्जा हटवाने के लिए पुलिस की पूरी टीम एएसआई जगदीश संग दलबल के साथ मौके पर रहे। कब्जा हटवाने गई टीम ने सबसे पहले बिजली निगम कार्यालय के पास बनी दो दुकानों, हांसी चुंगी पर स्थित दो दुकानों, ढुंढ़वा जोहड़ के पास स्थित बने कमरेए शहीद गुलाब सिंह पार्क के पास दो मिष्ठान भंडारों के आगे बने कब्जों को हटाया व भविष्य में कब्जा करने वालों पर कार्यवाही के संकेत दिए।





बवानीखेड़ा। अवैध निर्माण गिराते नपा कर्मचारी व नपा द्वारा तोड़ा गया अवैध निर्माण।

### क्या कहते है सचिव

नपा सचिव विनय कुमार ने बताया कि कब्जाधारियों की बार बार शिकायतें प्राप्त हो रही थी जिसके चलते विभाग के आदेशानुसार डयूटी मैजिस्ट्रेट एसडीओ मनोज कुमार, पुलिस प्रशासन की टीम व नपा कर्मचारियों की टीम ने कब्जाधारियों के कब्जों को हटाने में सफलता हासिल की है। सचिव ने बताया कि किसी भी कब्जाधारी को कब्जा नहीं करने दिया जाएगा।

### स्वयं हटाया कब्जा

नगर पालिका टीम ने कब्जा हटाते समय स्वयं की दुकान का कब्जा हटते देख एक दुकानदार ने अपने साथ वाली दुकान की तरफ इशारा करते हुए उसका कब्जा हटवा दिया। वहीं हांसी चुंगी पर भी दुकानों के कब्जा हटवाने के लिए समय की मोहलत मांगते हुए नजर आए तो सचिव ने कहा कि उनके पास जिसकी शिकायत आएगी उसका कब्जा हटाया जाएगा व विभाग के आदेशों की पालना की जाएगी। अवैध कब्जाधारियों में हड़कम्प रहा। नपा टीम के जाने के बाद ही लोगों ने राहत की सांस ली।




बवानीखेड़ा। अवैध निर्माण को तोड़ती जेसीबी मशीन। फोटो : हरिभूमि



भिवानी। समापन समारोह में मौजूद सांसद धर्मबीर सिंह व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# कृष्ण, शिवकुमार एवं धर्मवीर को संस्कृति गौरव सम्मान से नवाजा

- 20 नवोदित कलाकारों ने रचनाओं की दी प्रस्तुतियां, किया सम्मानित
- हरियाणवी रागिनी केवल मनोरंजन का साधन नहीं, जीवन की सच्चाई : सांसद
- देशभर में अपनी संस्कृति के लिए अलग पहचान रखता हरियाणा : धर्मबीर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हरियाणा कला परिषद के सौजन्य से गांव उमरावत स्थित सूर्यकवि दादा लख्मीचंद सांस्कृतिक आश्रम में म्हारी संस्कृति-म्हारा स्वाभिमान के वार्षिकोत्सव के तहत आयोजित चार दिवसीय कार्यक्रम का वीरवार को संपन्न हो गया। इस मौके पर बतौर मुख्यतिथि भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से लगातार तीसरी बार सांसद बने धर्मबीर सिंह ने शिरकत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर जयप्रकाश ने की तथा मंच संचालन धर्मवीर नागर ने किया। समारोह की शुरूआत द्वीप प्रज्वलन करके की गई। सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम व हरियाणवी रागिनी केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, यह जीवन की सच्चाई से भी रूबरू करवाती हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा देशभर में अपनी संस्कृति के लिए अलग पहचान रखता है, ऐसे में अब युवाओं का कर्तव्य बनता है कि वे हरियाणवी संस्कृति को पीछे छोड़ने की बजाय उसके प्रचार-प्रसार की दिशा में कदम बढ़ाए। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता को बनाए रखने के लिए प्राचीन संस्कृति महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं।

### कलाकारों को किया सम्मानित

कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए धर्मेंद्र मुरलीपुर एवं अशोक मरीची को संगठन द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। राजकिशन गुमानपुरिया को संस्कृति रत्न सम्मान एवं कृष्ण राठधना, शिवकुमार सोनीपत एवं धर्मवीर कलाना को संस्कृति गौरव सम्मान से सम्मानित किया। इस मौके पर राजेश थुराना, दीपक अगवानपुर, नरेंद्र भैंसवाल, धर्मेंद्र मुरलीपुर, अशोक मरीचि, मोहन डाटा, कृष्ण राठधना, नरेश पाहसौर आदि लगभग 20 स्थापित एवं नवोदित कलाकारों ने भिन्न-भिन्न कवियों की सुप्रसिद्ध रचनाओं की उत्तम प्रस्तुतियां दी। सभी स्थापित एवं नवोदित कलाकारों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

### मुख्यमंत्री के आज के दौरे को लेकर की बैठक

**भिवानी।** मुख्यमंत्री के 21 जून को जिला में आगमन को लेकर एडीसी हर्षित कुमार की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में एडीसी ने अधिकारियों को सभी जरूरी प्रबंधों बारे जरूरी निर्देश दिए। एडीसी ने बैठक में बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 21 जून को बीट्स इंटरनेशनल स्कूल में दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना और ई.क्षतिपूर्ति के लाभार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान करेंगें। उन्होंने कहा कि जिस भी अधिकारों को जो भी जिम्मेवारी सौंपी गई है वे समय से पहले उस कार्य को जरूरी पूरा कर लें। इसके अलावा उन्होंने गर्मी के चलते पेयजल, निर्बाध बिजली सप्लाई, संभावित स्थानों पर बैरिकेडिंग, वाहनों की पार्किंग, आमजन, वीआईपी, मीडिया के बैठने का उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला, नगराधीश विपिन कुमारए उपमंडलाधीश हरबीर सिंह, जिला राजस्व अधिकारी प्रदीप देशवाल, डीडीपीओ आशीष मान, डीआईओ अमित लांबा सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# गुड टच व बैड टच की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

जिला पुलिस ने महिलाओं, छात्राओं व बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति लगातार जागरुक करने के लिए अभियान चलाया। बच्चों को गुड टच व बैड टच तथा नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। वीरवार को आर्य संस्कृत महाविद्यालय गुरुकुल में महिला थाना प्रबंध कमलेश ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आपको कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी होनी चाहिए और आप बेझिझक होकर पुलिस के सामने समस्या रख सकते हैं।

टीम ने बच्चो को गुड टच- बैड टच के बारे में भी बताया और किसी भी प्रकार की असुरक्षा महसूस होने पर अपने अभिभावकों या पुलिस को सूचना देने की बात कही। उन्होंने कहा कि नशा सामाजिक बुराई है इससे मिलकर लड़ना होगा।



चरखी दादरी। बच्चों को सम्बोधित करती निरीक्षक कमलेश। फोटो : हरिभूमि

# एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- लाखों परीक्षार्थियों का भविष्य अधर में लटका : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

नेट परीक्षा रद की जांच करवाकर दोषियों को सजा दिलवाने और परीक्षा को इसी माह दोबारा करवाने की मांग को लेकर आजाद सेना के संस्थापक अध्यक्ष एवं अधिवक्ता कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में एसडीएम हरबीरसिंह को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम को दिये ज्ञापन में आजाद सेना ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा इस माह नेट परीक्षा आयोजित करवाकर उसका परिणाम घोषित किया था, जिसे मंगलवार 18 जून को कैंसल कर दिया। नेट परीक्षा देने वाले लाखों परीक्षार्थियों का भविष्य अधर मंव लटक गया है। शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा नीट का रिजल्ट घोषित किया था, उस पर भी काफी सवाल उठ रहे हैं। नेट व नीट परीक्षा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी करवाती है, जो दोनों ही परीक्षाएं संदेह के घेरे में है। सरकार की विश्वसनीयता पर भी प्रश्न उठ रहे हैं, इसलिए नीट परीक्षा की सीबीआई जांच एवं सुप्रीम कोर्ट के सीटिंग जज की देखरेख में जांच करवाई जाए।



भिवानी। एसडीएस हरबीर सिंह को ज्ञापन सौंपते आजाद सेना के पदाधिकारी।

## क्रूरता से बचाने को पशुओं को भी मिले हैं अधिकार: डॉ. विजय

# पशुओं की स्वतंत्रता के पांच मंत्रों की जानकारी दी

- इंसानों की तरह पशुओं को भी स्वतंत्रता से जीने का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

एनीमिल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया द्वारा 17 से 23 जून तक पशु अधिकार सप्ताह मनाया जा रहा है। इस सप्ताह का मुख्य उद्देश्य पशुओं की स्वतंत्रता के पांच मंत्रों के प्रति पशुपालकों व अन्य लोगों को जागरूक करना है तथा लोगों को पशुओं को क्रूरता से बचाने के लिए स्वतंत्रता के पांच अधिकारों के बारे में बताया। वीरवार को महम रोड गौशाला ट्रस्ट व पशु चिकित्सालय गौशाला द्वारा संयुक्त रूप से गायों की सेवा करने वाले गौपालकों को पशुओं के अधिकारों के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर श्रीगौशाला ट्रस्ट के प्रधान मोहनलाल ने बताया कि पशुओं को भी इंसानों की तरह स्वतंत्रता से जीने का अधिकार है। उन्हें भी 1960 में गठित एनीमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया द्वारा स्वतंत्रता के पांच अधिकार दिए गए है,जिसमें भूख प्यास से मुक्ति, सामान्य व्यवहार करने की स्वतंत्रता, भय और संकट से मुक्ति के अधिकारों को जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि हम अपनी गौशाला में इन पांचों नियमों को लागू करते है और किसी भी बीमार गाय का तुरंत ध्यान व उपचार करते है। गायों की सेवा करने वाले लोगों को उनके हमदर्दी रखने के आदेश समय-समय पर देते रहते है।



भिवानी। पशुपालकों को जानकारी देते गौशाला ट्रस्ट व पशु चिकित्सालय गौशाला के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### गौमाता के प्रति विशेष लगाव रखें

गौशाला विस्तार अधिकारी मोहनलाल बालेसरा ने गौमाता के प्रति विशेष लगाव रखने की बात कही और कहा कि कोई भी प्राणी इंसानों की तरह ही मूल्यवान है और उसे भी इंसानों की तरह स्वतंत्रता से जीने का अधिकार है। किसी भी पशु को कैद करके नहीं रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि ये पांच आजादी कुत्ता, बिल्ली व अन्य पशुओं पर भी लागू होती है। इस मौके पर कुसुम अग्रवाल, रीतू, जोगेंद्र सिंह, गौरीशंकर गोयल, धर्मबीर, शेखर, आशीष, निशात यादव, संकित, निखिल, राजकुमार, कर्मबीर, किताबो आदि मौजूद रहे।

### युवाओं को व्यसनों से दूर रहने को किया जागरूक

**चरखी दादरी।** नशामुक्त भारत पखवाड़ा के तहत इन दिनों क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पुलिस विभाग के सौजन्य से लगातार नागरिकों को नशा व व्यसनों से दूर रहने के लिए जागरूक किया और उन्हें सकारात्मक कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। 26 जून तक विभिन्न जगहों पर मौजिज लोगों के साथ मिलकर कार्य किया जाएगा। इसी कड़ी में खेड़ी बत्तर क्रेशर जोन में बैठक हुई, जिसमें सदर थाना प्रभारी तेजपाल ने शिरकत की। बैठक के दौरान क्रेशर एसोशिएशन प्रधान एडवोकेट नवीन सांगवान की अगुवाई में पूरे क्षेत्र से क्रेशर संचालकों ने शिरकत कर प्रयास की सरहना की। एडवोकेट सांगवान ने कहा कि किसी भी तरह का नशा करने वाला व आदि व्यक्ति समाज व परिवार पर बोझ बन जाता है।